प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

19.12.2024/प्रादेशिक समाचार 09.20 बजे

शीतकालीन सत्र

धर्मशाला स्थित तपोवन में चल रहे प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र का आज दूसरा दिन है। सदन की कार्यवाही सुबह 11 बजे शुरू होगी। इस दौरान प्रश्नकाल के अलावा अन्य विधायी कार्य निपटाए जाएंगे। 21 दिसम्बर तक चलने वाले इस सत्र में कुल चार बैठकें होंगी।
और अधिक ब्यौरे के साथ धर्मशाला से हमारे विशेष संवाददाता....

डिस्पैच–धर्मशाला के तपोवन में चल रहे प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन आज सदन की कार्यवाही सुबह 11 बजे शुरू होगी। इस दौरान प्रश्नकाल के अलावा अन्य विधायी कार्य निपटाए जाएंगे। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू विभिन्न दस्तावेजों और विधानसभा सचिव स्वीकृत विधेयकों की एक–एक प्रति सभापटल पर रखेंगे। इसमे हिमाचल प्रदेश विद्युत, प्रदेश माल और सेवा कर, नगर और ग्राम योजना और आबकारी विधेयक शामिल है। इसके अलावा मुख्यमंत्री वित्तिय वर्ष 2014–15 से लेकर 2020–21 तक अतिरिक्त बजट का ब्योरा भी रखेंगे। सदन में अन्य कैबिनेट मंत्री भी विभिन्न दस्तावेजों की एक–एक प्रति सभापटल पर रखेंगे।
आकाशवाणी समाचार के लिए मैं धर्मशाला से रितेश कपूर आकाशवाणी

राज्यपाल .............

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कल शिमला के गेयटी थियेटर में भारतीय लेखा परीक्षा व लेखा सेवा के 2024 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम और राष्ट्रीय लेखा परीक्षा व लेखा अकादमी के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह का शुभारम्भ किया। राज्यपाल ने प्रशिक्षु अधिकारियों से सटीकता, ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ कर्तव्यों का निर्वहन करने का आहवान किया जिससे प्रशासन की गुणवत्ता व वित्तीय प्रणाली में लोगों का विश्वास बढ़ेगा। शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि सार्वजनिक वित्तीय जटिलताओं से निपटने के लिए लेखा सिद्धांतों, लेखा परीक्षा प्रक्रियाओं और शासन संरचनाओं की गहरी समझ बेहद आवश्यक है। राज्यपाल ने सूचना प्रौद्योगिकी के युग में अधिकारियों को प्रौद्योगिकी, डिजिटल ऑडिटिंग टूल की जानकारी से अवगत रहने और भविष्योन्मुखी वित्तीय प्रणाली के लिए तैयार रहने के लिए भी कहा। इस अवसर पर उप–नियंत्रक व महालेखा परीक्षक रेबेका मथाई ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान राज्यपाल ने राष्ट्रीय लेखा परीक्षा व लेखा अकादमी के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में अकादमी/75 वेबसाइट और विशेष कवर का अनावरण भी किया।

आग

चंबा जिला के जंगलों में इन दिनों आग लगने की घटनाएं बढ़ती जा रही है। आग लगने से प्रदूषण, वन संपदा सहित कई जीव जन्तु जल कर राख हो रहे हैं।

बाईट–विकास

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज भी मौसम साफ बना हुआ है। दिन के समय धूप खिलने से कुछ क्षेत्रों के अधिकतम तापमान में वृद्धि भी हुई है। हालांकि पिछले कुछ दिनों से प्रदेश के मैदानी जिलों के कई स्थानों में तापमान शून्य के आसपास दर्ज किया जा रहा है जिससे इन क्षेत्रों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में आगामी कुछ दिनों तक सूखी ठंड का प्रकोप जारी रहेगा। विभाग ने आगामी एक सप्ताह तक राज्य में मौसम साफ बने रहने की संभावना जताई है।

सुर्खियां समाचार पत्रों से

आज सभी समाचार पत्रों ने विधानसभा के शीतकालीन सत्र से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है। अमर उजाला की खबर है–कर्मचारियों को अब नहीं मिलेंगे अनुबंध सेवाकाल के वरिष्ठता और वित्तीय लाभ। पंजाब केसरी के शब्द है–शीतकालीन सत्र के पहले ही दिन विपक्ष के स्थगन प्रस्ताव पर हंगामा, दो बार स्थगित हुई कार्यवाही। आपका फैसला के अनुसार–नेवा एप्प पर माईग्रेट हुई हिमाचल विधानसभा। दैनिक सवेरा टाईम्स की सुर्खी है–ई–विधान के बाद राष्ट्रीय ई–विधान से जुड़ा तपोवन परिसर। दैनिक भास्कर के शब्द है–मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने किया राष्ट्रीय ई–विधान एप्पलीकेशन नेवा का शुभारम्भ। दिव्य हिमाचल और दैनिक जागरण का एक जैसा शीर्षक है–पहली बार पूरे देश ने देखी हिमाचल विधानसभा की कार्यवाही।

पंजाब केसरी ने हाईकोर्ट के लिए हवाले से लिखा है– शिक्षा विभाग में जे. ओ. ए. के 400 पद भरने की प्रकिया जल्द हो।

———————————————————